कैंप में 35 यूनिट रक्तदान

मानसा। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में तलवंडी साबो पावर लिमिटेड प्लांट परिसर में एक रक्तदान कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान सिविल अस्पताल मानसा के ब्लड बैंक की टीम ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर थर्मल प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। कंपनी के लोकसंपर्क अधिकारी पीसी दास ने कहा कि रक्तदान करने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसलिए हम सभी को रक्तदान कैंपों में हिस्सा लेकर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर रक्तदानियों को विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया।